200 वर्ष पुराने सरोवर में लौटी 'अमृत की धारा'

अमृत सरोवर योजना से भिवानी जिले के तोशाम गांव में अन्नेवाला तालाब को मिला नया जीवन

जागरण विशेष
अमृत सरोवर

अमित धवन • भिवानी

तालाब के पुनर्निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। इस तालाब से किसानों के साथ-साथ पशुओं को पानी मिल सके इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

सुदेश कुमार, अधिशाषी अभियंता, जिला पंचायती राज, भिवानी

हरियाणा के भिवानी जिले के तोशाम गांव में पौने आठ एकड़ में अन्नेवाला तालाब का पुनर्निर्माण कराया गया है • जागरण

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना से हरियाणा के भिवानी जिले के तोशाम गांव में स्थित 200 वर्ष पुराने अन्नेवाला तालाब को नया जीवन मिला है। पहले लोग इसी तालाब के पानी का उपयोग खेती के लिए करते थे, लेकिन धीरे-धीरे तालाब सिकुड़ता चला गया और पानी भी सूख गया। अब अमृत सरोवर योजना के तहत जिला प्रशासन ने पौने आठ एकड़ में इस तालाब का पुनर्निर्माण कराया है। इससे यहां के लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब खेती करने के लिए पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

तोशाम गांव के प्रधान चंद्र पंघाल ने बताया कि कभी यह तालाब किसानों और पशुओं के लिए पानी उपलब्ध कराने का सबसे बड़ा जरिया था, लेकिन धीरे-धीरे इसका अस्तित्व मिट रहा था। अब जाकर इसकी पुरानी रंगत लौटी है। तालाब के पास एक पुराना पीपल का पेड़ है। आसपास के किसान अपनी फसल बेचने से पहले उसका कुछ हिस्सा इस पेड़ पर चढ़ाते हैं और पूजा करते हैं। तोशाम के पूर्व सरपंच नानक चंद ने कहा कि यहां प्रतिदिन 500 से ज्यादा पशु विचरते हैं। तालाब का पुनर्निर्माण होने से अब इन्हें भी पानी की समस्या नहीं होगी।

आठ फीट गहरे तालाब में सांगवान नहर से आएगा पानी

आठ फीट गहरे तालाब में वर्षा का जल अधिक मात्रा में एकत्र हो सके, इसके लिए तालाब के चारों तरफ दो फीट ऊंची दीवार तैयार की गई है। तालाब हमेशा पानी से भरा रहे इसके लिए सांगवान नहर से यहां तक पाइपलाइन भी बिछाई गई है। साथ ही इसके चारों तरफ पौधारोपण किया गया है।

पाइपलाइन के जरिये तालाब में पहुंचता जल।

इस खबर को विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें

nwda.gov.in